PAPERWELL
Date :
Page no.

15 अगस्त 2020
आत्मनिर्भर भारत

दिनांक 15 अगस्त 2020 को महाविद्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं ने हिस्सा लिया। इस समारोह में प्राचार्य श्री० सुधीर कुमार शर्मा जी ने सभी स्टाफ सदस्यों एवं छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन भारतवर्ष के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है अतः हमें हमारे देश के गौरव, सम्प्रभुता व अखण्डता को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि देश का उज्जवल भविष्य आज के बच्चों के हाथों में है इसलिए गुरू का यह कर्त्तव्य बनता है कि उन्हें सही दिशा दिखाएं। इस अवसर पर छात्राओं ने देशभक्ति गीत, कविता व नृत्य की प्रस्तुति दी।

डी॰जी॰एच॰ई॰ पंचकुला के निर्देशानुसार आत्मनिर्भर भारत पर गतिविधियाँ आयोजित की गई जिसके अंतर्गत छात्राओं पोस्टर - मेकिंग के द्वारा सुंदर चित्र प्रस्तुत कर उन्हें सोशल मीडिया अकाउंट पर डालकर प्रस्तुत किया।

एन.एस.एस. प्रभारी - (signature) 16/08/2020
यूनिट - I

(signature)
Principal
RAJIV ... GOVT. COLLEGE
FOR ...

Date :
Page no.

[illegible] 2020 – 02 Nov 2020


विजिलेंस अवेयरनेस वीक


राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्देशित "विजिलेंस अवेयरनेस वीक" के अंतर्गत महाविद्यालय में विजिलेंस अवेयरनेस वीक के प्रथम दिन शपथ ग्रहण समारोह किया गया।


महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार शर्मा अध्यक्षता में एनएसएस अधिकारी प्रो. मीना कुमारी तथा एनएसएस सलाहकार प्रो. दीपक सोनी के निर्देशन में मंगलवार को कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य सुधीर कुमार शर्मा ने महाविद्यालय के सदस्यों को कानून पालने, भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्माण, ईमानदार, स्वच्छ व सत्य आधारित जीवनयापन व समाजसेवा आदि के प्रति निष्ठावान व समर्पित जीवन जीने की शपथ दिलाई। उन्होंने जागरूक नागरिक होने के नाते सतर्क भारत समृद्ध भारत की तर्ज पर अपनी सार्थक भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रो. सुनीता मेहता, प्रो. रूपचंद, प्रो. अनिता बिबयान, प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. नीलम रोहिल्ला, प्रो. परमानंद आदि मौजूद रहे।


एन. एस. एस. प्रभारी
यूनिट – I


Principal
RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE
FOR WOMEN, BHIWANI









VIGILANCE WEEK 2020

ONLINE POSTER MAKING, RGGCW BHIWANI

CENTRAL VIGILANCE COMMISSION

*Certificate of Commitment*

This is to certify that

**Miss ANITA**

has adopted the Integrity Pledge and is committed to uphold highest standards of honesty & integrity and to follow probity and rule of law in all walks of life

CENTRAL VIGILANCE COMMISSION

*Certificate of Commitment*

This is to certify that

**Miss RAHMAT**

has adopted the Integrity Pledge and is committed to uphold highest standards of honesty & integrity and to follow probity and rule of law in all walks of life

P. Daniel

Online pledge → taken by NSS volunte for Integrit & Commitmen

Date :
Page no.



राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में विजिलेंस अवेयरनेस वीक के अंतर्गत शपथ दिलाते हुए प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा।

# कानून पालन के प्रति निष्ठावान और समर्पित जीवन जीने की दिलाई शपथ

भास्कर न्यूज | भिवानी

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्देशित "विजिलेंस अवेयरनेस वीक" के अंतर्गत महाविद्यालय में विजिलेंस अवेयरनेस वीक के प्रथम दिन शपथ ग्रहण समारोह किया गया।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा की अध्यक्षता में एनएसएस अधिकारी डॉ. सीमा बुमरा तथा एनएसएस सलाहकार प्रो. दीपक सोनी के निर्देशन में मंगलवार को कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य सुधीर कुमार शर्मा ने महाविद्यालय के सदस्यों को कानून पालन, भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्माण, ईमानदार, स्वच्छ व सच आधारित जीवनयापन व समाजसेवा आदि के प्रति निष्ठावान व समर्पित जीवन जीने की शपथ दिलाई। उन्होंने जागरूक नागरिक होने के नाते सतर्क भारत समृद्ध भारत की तर्ज पर अपनी सार्थक भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रो. सुनीता मेहता, प्रो स्वर्णचंद, प्रो. अनिता विवयान, प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. नीलम रोहिल्ला, प्रो. परमानंद आदि मौजूद रहे।

→ News of Celebration of Vigilance Week. 28/10/2020 DAINIK BHASKAR.

हिन्द जनपथ
पंचकूला
बुधवार 28 अक्टूबर, 2020

# विजिलेंस अवेयरनेस वीक के अंतर्गत महाविद्यालय में शपथ ग्रहण समारोह का किया गया ...

अध्यक्षीय उद्बोधन में जागरूक नागरिक होने के नाते ÷ सतर्क भारत समृद्ध भारत ÷ की तर्ज पर अपनी सार्थक भूमिका निभाने की प्रेरणा दी उन्होंने एक आदर्श और शिक्षित नागरिक के दायित्व का स्मरण करते हुए कहा की सच्चा जीवन वही होता है जो सर्वजन हिताय व सुखाय जीवन होता है। उन्होंने बताया की एक शांत व समर्थ समाज तभी हो सकता है जब प्रत्येक व्यक्ति रामराज्य की कल्पना को सार्थक करने के लिए स्वार्थ रहित त्यागमय जीवन को प्राथमिकता देता है। इस अवसर पर प्रो सुनीता मेहता, प्रो स्वर्णचंद, प्रो अनिता विवयान, प्रो रेखा शर्मा, प्रो नीलम रोहिल्ला, प्रो परमानंद, प्रो राजेश कुमार, प्रो नवनीत, प्रो सुमन, प्रो मोनिका, प्रो सुमन यामल, प्रो ज्योति, प्रो अनिल, प्रो सत्विंदर, प्रो प्रवीण रानी, प्रो आशा आदी मोजूद रहे।

→ 28/10/2020 HIND JANPATH, PANCHKULA

Sd/- Meenakshi

Date :
Page no.

२० नवंबर २०२०
प्री. आर. डी. परेड

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय भिवानी की बी. एस. सी. तृतीय वर्ष की एन. एस. एस. वालनटियर कुमारी सीमा पुत्री श्री सुभाष चंद्र का चयन गणतंत्र दिवस के लिए होने वाले प्री - रिपब्लिक डे परेड के लिए हुआ है। समस्त महाविद्यालय ने छात्रा की इस राष्ट्रिय स्तर की उपलब्धि पर गर्व महसूस किया व छात्रा को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा जी ने छात्रा को बधाई दी एवं छात्रा के उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए जीवन मे सदैव मेहनत, ईमानदारी व सेवाभावना को अपनाने के लिए प्रेरित किया।
एन. एस. एस अधिकारी प्रो. सीमा कुमरा ने बताया कि छात्रा ने १४ नवम्बर २०२० को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक मे आयोजित स्टेट लेवल प्री रिपब्लिक डे परेड सिलेक्शन ट्रायल मे अच्छा प्रदर्शन कर गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय नई दिल्ली मे होने जा रहे दस दिवसीय प्री आर डी कैम्प मे अपना स्थान सुनिश्चित किया। वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो अनिता बिश्नोई, प्रो रेखा शर्मा प्रो नीलम रोहिल्ला, प्रो परमानंद, प्रो सुमन, प्रो दीपक सोनी आदि ने छात्रा की उपलब्धि पर उसे आशीर्वाद प्रदान किया।

एन. एस. एस प्रभारी - I

Principal
RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE
FOR WOMEN, BHIWANI

Date
Page



राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस वॉलंटियर कुमारी सीमा का प्री-रिपब्लिक डे परेड के लिए चयन होने पर खुशी जताते प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार, एनएसएस अधिकारी प्रो. सीमा बुमरा।

# प्री-रिपब्लिक डे परेड के लिए चयनित हुई कुमारी सीमा

## महाविद्यालय की ओर से किया गया सम्मानित

भास्कर न्यूज | भिवानी

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय की बीएससी तृतीय वर्ष की एनएसएस वॉलंटियर सीमा का चयन गणतंत्र दिवस के लिए होने वाले प्री-रिपब्लिक डे परेड के लिए हुआ है। महाविद्यालय की ओर से छात्रा की इस राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि पर सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रो. अजीत कुमार ने बताया कि प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए जीवन में सदैव मेहनत, ईमानदारी व सेवा भावना को अपनाने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस अधिकारी प्रो. सीमा बुमरा ने बताया कि छात्रा ने 12 नवंबर को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित स्टेट लेवल प्री रिपब्लिक डे परेड सलेक्शन ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन कर गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय नई दिल्ली में होने जा रहे 10 दिवसीय प्री आरडी कैंप में अपना स्थान सुनिश्चित किया।इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. अनिता बिब्यान, प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. नीलम रोहिल्ला, प्रो. परमानंद, प्रो. सुमन, प्रो. दीपक सोनी आदि ने छात्रा की उपलब्धि पर उसे आशीर्वाद प्रदान किया।


21/11/2020

DAINIK BHASKAR

Date :
Page no.

# रा. गां. रा. महिला महाविद्यालय भिवानी में संविधान दिवस का कुशल आयोजन किया

**भिवानी। चेतना संवाददाता।**
राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय भिवानी मे प्राचार्य डॉ.सुधीर कुमार शर्मा के निर्देशानुसार एन.एस.एस., राजनीतिक विज्ञान विभाग एवं एन. सी. सी के संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस का कुशल आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रीना सहायक प्राध्यापिका राजनैतिक विज्ञान विभाग वैश्य महाविद्यालय भिवानी ने शिरकत की। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा जी ने संविधान की प्रस्तावना प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का आग़ाज़ किया तथा अतिथि का स्वागत किया। डॉ. रीना ने छात्राओं को संविधान के सभी पहलुओ पर प्रश्नोतरि के माध्यम से प्रकाश डाला तथा उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कार भी वितरित किए । इस अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं प्रतियोगी परीक्षा भी आयोजित की गयी जिसमें अधिकांश छात्राओं ने हिस्सा लिया।मंच संचालन का दायित्व डॉ. अनीता बिब्यान ने बखूबी निभाया। प्राचार्य ने मुख्य



अतिथि, अयोजक प्रो. सीमा बुमरा, डॉ. सुनीता वर्मा, प्रो दीपक सोनी व प्रो नविता व छात्राओं का आभार व्यक्त किया तथा कुशल प्रवंधन के लिए बधाई प्रेपित की।मीडिया प्रभारी प्रोफेसर अजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार इस अवसर पर प्रो. स्वर्णचंद, प्रो नीलम रोहिल्ला, प्रो. परमानंद, प्रो सुमन, प्रो सुमन बामल, प्रो भामा, प्रो आशा, प्रो ललिता शर्मा, प्रो अनिता शर्मा, प्रो लक्ष्मी, प्रो प्रीति, प्रो सरोज आदि उपस्थित रहे।

27/11/2020

DAINIK CHETNA Newspaper, BHIWANI

Date
Page no.

## संविधान दिवस
## 26-11-2020

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय भिवानी में प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार एन. एस. एस, राजनीतिक विज्ञान विभाग एवं एन. सी. सी के संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस का कुशल संयुक्त आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रीना सहायक प्राध्यापिका राजनैतिक विज्ञान विभाग वैश्य महाविद्यालय भिवानी ने शिरकत की। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा जी ने संविधान की प्रस्तावना प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का आगाज किया तथा अतिथि का स्वागत किया। डॉ. रीना ने छात्राओं को संविधान के सभी पहलुओं पर प्रश्नोत्तरी के माध्यम से प्रकाश डाला तथा उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कार भी वितरित किए। इस अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं प्रतियोगी परीक्षा भी आयोजित की गयी। जिसमें अधिकांश छात्राओं ने हिस्सा लिया। मंच संचालन का दायित्व डॉ. अनीता सिवाच ने बखूबी निभाया। प्राचार्य जी ने मुख्य अतिथि, आयोजक प्रो. सीमा कुमरा, डॉ. सुनीता वर्मा, प्रो दीपक सैनी व प्रो नविता व छात्राओं आभार व्यक्त किया तथा कुशल प्रबंधन के लिए बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर प्रो. स्वर्णचंद, प्रो नीलम रोहिल्ला, प्रो. परमानंद, प्रो सुमन, प्रो सुमन नागल, प्रो भामा, प्रो आशा, प्रो ललिता शर्मा, प्रो अनिता शर्मा, प्रो लक्ष्मी, प्रो प्रीति, प्रो सरोज आदि उपस्थित रहे।

एन एस एस 26/11/2020
अधिकारी

Principal
RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE

27/11/2020, DAINIK BHASKAR

# प्रश्नोत्तरी के जरिये संविधान के सभी पहलुओं पर प्रकाश डाला, विजेताओं को दिए पुरस्कार

## राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

भास्कर न्यूज | भिवानी



राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में संविधान दिवस पर संपन्न कार्यक्रम को संबोधित करती शिक्षिका।

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.सुधीर कुमार शर्मा के निर्देशानुसार एनएसएस, राजनीतिक विज्ञान विभाग एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रीना सहायक प्राध्यापिका राजनीतिक विज्ञान विभाग वैश्य महाविद्यालय ने शिरकत की। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने संविधान की प्रस्तावना प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का आगाज किया तथा अतिथि का स्वागत किया। डॉ. रीना ने छात्राओं को संविधान के सभी पहलुओं पर प्रश्नोत्तरी के माध्यम से प्रकाश डाला तथा उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कार भी वितरित किए। निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं प्रतियोगी परीक्षा भी की जिसमें अधिकांश छात्राओं ने हिस्सा लिया। मंच संचालन डॉ. अनीता विदियान ने किया। प्राचार्य ने मुख्य अतिथि, आयोजक प्रो. सीमा बुमरा, डॉ. सुनीता वर्मा, प्रो. दीपक सोनी, प्रो. नविता व छात्राओं की सराहना की। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी प्रो. अजीत कुमार, प्रो. स्वर्णचंद, प्रो नीलम रोहिल्ला, प्रो. परमानंद, प्रो. सुमन, प्रो. सुमन धामल, प्रो. भामा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

N.S.S. Volunteers, N.S.S. PO Ms. Seema Bumra & NSS Advisor Mr. Deepak Soni (Asst Prof. (Comp. Sc) visited Orphanage, Bhiwani on 24/12/2020.



Date:
Page no.

# Visit to Bal Seva Ashram, Bhiwani under the Scheme "Taking Care of Oldage and Orphanage people"

डी. एस. ई. पंचकुला द्वारा निर्देशित स्कीम "Taking Care of Oldage and Orphanage People" के अनुसार एन. एस. एस. स्वयंसेविकाओं ने राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय भिवानी को आवंटित बाल सेवा आश्रम, भिवानी, तोशाम रोड़ में जाकर वहाँ के मासूम बच्चों के साथ समय व्यतीत किया। दिनांक 24/12/2020 को एन. एस. एस. अधिकारी यूनिट-I / नोडल अधिकारी प्रो. सीमा बुमरा व एन. एस. एस. सलाहकार प्रो. दीपक सोनी (कम्प्यूटर साइंस) के संग स्वयंसेविकाओं ने अनाथ आश्रम के बच्चों से बातचीत की व उन्हें जीवन में शिक्षा के महत्त्व के बारे में बताया।

प्राचार्य श्री सुधीर कुमार शर्मा जी के दिशानिर्देशन में चल रही इस स्कीम के तहत छात्राओं के दल ने वहाँ के बच्चों का हाल जाना व उन्हें कोरोना महामारी की जानकारी देते हुए उससे बचे रहने के उपाय बताए। इस अवसर बाल आश्रम के प्रेसिडेंट डॉ. वेद प्रकाश आर्य जी ने छात्राओं को बाल सेवा आश्रम की जानकारी दी। छात्राओं द्वारा सफाई अभियान भी चलाया गया। इस स्कीम के तहत समय-2 पर बाल आश्रम के बच्चों की स्वयंसेविकाओं द्वारा काउंसलिंग व उन्हें पढ़ाने का कार्य भी किया जा रहा है।

(Signature) 12/01/2021
एन. एस. एस. प्रभारी
यूनिट - I

(Signature)
Principal
RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE
FOR WOMEN, BHIWANI

07/01/2021 AMAR UJALA, BHIWANI

N.S.S Volunteers at Orphanage Bhiwani,

PAPERWELL Date:

# छात्राओं ने बाल सेवा आश्रम का किया दौरा



सफाई अभियान चलातीं महाविद्यालय की छात्राएं। - संवाद

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने बाल सेवा आश्रम में बच्चों से मुलाकात की। मीडिया प्रभारी प्रो अजीत कुमार ने बताया कि प्राचार्य सुधीर शर्मा के निर्देश पर महाविद्यालय स्वयंसेवकों के दल ने बाल सेवा आश्रम पहुंचकर बच्चों से भेंट की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान प्रो. सीमा बुमरा ने बताया की इस स्कीम के तहत एनएसएसए, एनसीसी, यूथ रेडक्रास के बच्चों को बाल सेवा आश्रम में जाकर वहां रह रहे बच्चों को कोरोना से बचने की जानकारी दी। आश्रम के अध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश आर्य ने वहां सभी छात्राओं का आश्रम से परिचय कराया। संवाद

07/01/2021

Dainik Bhaskar.



भिवानी. बाल सेवा आश्रम में बच्चों से भेंट करती राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय से स्वयं सेविकाएं व मौजूद गणमान्य।

# स्वयं सेविकाओं ने बाल सेवा आश्रम में बताए कोरोना से बचाव के तरीके

भास्कर न्यूज|भिवानी 07/01/2021

बाल सेवा आश्रम में बुधवार को राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय स्वयं सेविकाओं ने वहां रह रहे बच्चों से भेंट की। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रो. अजीत कुमार ने बताया कि प्राचार्य सुधीर शर्मा के निर्देशानुसार बाल सेवा आश्रम में जाकर बच्चों से भेंट की।

उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा की स्कीम टेकिंग केयर ऑफ ऑरफन एज पीपल की नोडल अधिकारी प्रो. सीमा बुमरा ने बताया कि इस स्कीम के तहत एनएसएस, एनसीसी, यूथ रेडक्रास के बच्चों को बाल सेवा आश्रम में जाकर वहां रह रहे बच्चों को कोरोना से बचने की जानकारी दी। इस दौरान वहां रह रहे बच्चों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने बताया कि उन्हें समाज एवं स्वयं के प्रति जागरूक किया जिससे कि वे इस वैश्विक महामारी से बचे रहें और अपने आप को भविष्य के लिए मजबूत बनाएं। इस दौरान बाल सेवा आश्रम के अध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश आर्य ने वहां सभी छात्राओं को आश्रम के बच्चों से मिलवाया और आश्रम के बारे में बताया।

12/01/2021

DAINIK BHASKAR.

Date :

Page no.

# स्वयं सेविकाओं ने बाल सेवा आश्रम में बच्चों को बताया सफाई का महत्व

## बच्चों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की सीख दी

भास्कर न्यूज | भिवानी

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय की स्वयं सेविकाओं ने बाल सेवा आश्रम में वहां रह रहे बच्चों से भेंट की।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रो. अजीत कुमार ने बताया कि प्राचार्य सुधीर शर्मा के निर्देशानुसार महाविद्यालय की स्वयं सेविकाओं ने बाल सेवा आश्रम में बच्चों से भेंट की। उच्चतर शिक्षा विभाग की स्कीम टेकिंग केयर ऑफ ओरफनएज एवं ओलडेज होम पीपल के नोडल अधिकारी प्रो. सीमा बुमरा ने बताया कि इस स्कीम के तहत एनएसएस, एनसीसी, यूथ रेडक्रॉस के बच्चों को बाल सेवा आश्रम में जाकर वहां रह रहे बच्चों का मनोबल बढ़ाया।




बच्चों से भेंट करने के लिए पहुंची राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय की स्वयं सेविकाएं व मौजूद प्रो.सीमा बुमरा, प्रो.सुमन।

उन्हें समाज एवं स्वयं के प्रति जागरूक किया जिससे कि वे कोरोना वैश्विक महामारी से बचे रहें। छात्राओं ने वहां बच्चों से मिलकर उन्हें साफ-सफाई के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान प्रो. सुमन ने छात्राओं एवं बच्चों को जागरूक रहने और लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की सीख दी। इस अवसर पर सीमा राघव, इंदु, किरण, काजल आदि छात्राएं उपस्थित रहीं।

Date :

Page no.

# सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर लेखन प्रतियोगिता आयोजित



चेतना संवाददाता।
भिवानी।

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय भिवानी के मीडिया प्रभारी प्रोफेसर अजीत कुमार ने बताया कि प्राचार्य श्री सुधीर कुमार जी के निर्देशानुसार 23 जनवरी 2021 को एन एस एस यूनिट 1 एवं यूनिट 2 के संयुक्त तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 125वीं जन्म जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी प्रोफेसर सीमा बुमरा, प्रोफेसर मीनू कुमारी के नेतृत्व में इस अवसर पर नेता जी के जीवन पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वयं सेविकाओं ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचारों को लेखन के द्वारा बहुत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में प्रोफेसर अनीता बिबयान, प्रोफेसर प्रेम प्रकाश और प्रोफेसर सुमन ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतिभागियों में चांदनी बीएससी द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, मोनिका बीएससी द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया व मधु बीएससी द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यकारी प्राचार्या प्रोफेसर सुनीता मेहता व एनएसएस सलाहकार प्रोफेसर दीपक सोनी ने विजयी छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

24/01/2021

DAINIK CHETNA, BHIWANI

Date :
Page no.

# 23 जनवरी 2021
## 'पराक्रम दिवस'

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय भिवानी मे प्राचार्य श्री सुधीर कुमार शर्मा जी के निर्देशन में आज 23 जनवरी 2021 को सुभाष चंद्र बोस की 125 वी जन्म जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। पराक्रम दिवस पर विद्यालय में सुभाष चंद्र बोस की जीवन व बलिदान पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एन॰ एस॰ एस॰ की स्वंयसेविकाओं ने प्रतिभागिता की और अपने विचारों को लेखन के द्वारा बहुत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में प्रो॰ अनीता बिबयान, प्रो॰ प्रेमप्रकाश और प्रो॰ सुमन ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में निम्न छात्राओं का स्थान इस प्रकार है:—

| नाम | कक्षा | स्थान |
|---|---|---|
| चाँदनी | बी॰ एस॰ सी॰ द्वितीय वर्ष | प्रथम |
| मोनिका | बी॰ एस॰ सी॰ द्वितीय वर्ष | द्वितीय |
| मधु | बी॰ एस॰ सी॰ द्वितीय वर्ष | तृतीय |

Seema
25/02/2021

एन॰एस॰एस॰ प्रभारी
यूनिट– I


Principal
RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE
FOR WOMEN, BHIWANI

# छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



भिवानी। राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य सुधीर कुमार के निर्देशानुसार एक दिवसीय एनएसएस कैंप लगा। इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की। मीडिया प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि एनएसएस अधिकारी प्रो. सीमा बुमरा और प्रो. मीनू कुमारी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान पर जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयं सेविकाओं द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत हांसी रोड पर राहगीरों को जागरूक करते हुए रैली निकाली गई। 25/01/2021

AMAR UJALA




भिवानी. राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय से स्वच्छ अभियान पर जागरूकता रैली निकालती स्वयंसेविकाएं व मौजूद एनएसएस अधिकारी।

→ 25/01/2021

DAINIK BHASKAR, BHIWANI

# स्वयं सेविकाओं ने गवर्नमेंट वुमन कॉलेज से निकाली जागरूकता रैली

भिवानी | राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में रविवार को प्राचार्य सुधीर कुमार शर्मा के निर्देशानुसार एक दिवसीय एनएसएस कैंप किया गया। मीडिया प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि एनएसएस अधिकारी प्रो. सीमा बुमरा और प्रो. मीनू कुमारी के नेतृत्व में स्वच्छ अभियान पर एक जागरूकता रैली निकाली। सभी स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत तथा भारत माता की जय के नारे लगाए गए। छात्राओं ने यह रैली हांसी रोड पर राहगीरों को जागरूक करते हुए निकाली। एनएसएस अधिकारी प्रो. सीमा बुमरा और प्रो. मीनू कुमारी ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देते हुए स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्र की सफाई की। दोनों यूनिट की स्वयंसेविकाओं द्वारा सभी कक्षाओं, विभागों, पार्किंग क्षेत्र, खेल मैदान व मुख्य द्वार की सफाई की गई।

PAPERWELL
Date :
Page no.

24 जनवरी 2021
एक दिवसीय एन० एस० शिविर

राजीव गाँधी राजकीय महिला महाविद्यालय भिवानी में दिनांक 24 जनवरी 2021 को एन० एस० एस० यूनिट -I और यूनिट -II के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के अंतर्गत सभी सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में सभी कक्षाओं, कार्यालयों, विभागों और पार्किंग व मुख्य द्वार पर सफाई की गई। तत्पश्चात् स्वयंसेविकाओं द्वारा जागरूकता रैली हाँसी रोड पर निकाली गई। इस रैली में स्वयंसेविकाओं ने "स्वच्छ-भारत, स्वस्थ भारत" के नारे लगाए और राहगीरों को जागरूक किया।

स्वयंसेविकाओं को इस एक दिवसीय शिविर में एन.एस. एस० का महत्त्व बताया गया व बताया कि इसके माध्यम से देशप्रेम व सेवा भावना जागृत होती है।

25/01/2021

एन० एस० एस० अधिकारी
यूनिट - I

Principal
RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE
FOR WOMEN, BHIWANI

Date :
Page no.

07-02-2021

## दूसरा एक दिवसीय एन.एस.एस. शिविर

दिनांक 07-02-2021 को राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय भिवानी में प्राचार्य श्री सुधीर कुमार शर्मा जी के आदेशानुसार एन.एस.एस. यूनिट I व II के संयुक्त तत्वाधान में दूसरे एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सीमा बुमरा व प्रो. मीनू कुमारी के नेतृत्व में दूसरे एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सभी स्वयंसेविकाओं के द्वारा "बेटी बचाओ - बेटी पढाओ, "भारत माता की जय" के नारे लगाते हुए हाँसी रोड पर जागरूकता रैली निकाली गई।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वच्छ- भारत अभियान को बढावा देते हुए स्वयंसेविकाओं ने पूरे महाविद्यालय परिसर व आस पास के क्षेत्र की सफाई की। पर्यावरण के महत्त्व को समझते हुए स्वयंसेविकाओं ने पौधों की सिंचाई की। राष्ट्रीय सेवा योजना का छात्र जीवन में अहम योगदान रहता है जो उन्हें शिक्षा की सहायता से समाज की सेवा करने तथा समाज की उन्नति करने का मार्ग दिखाता है तथा एक अच्छा नागरिक तैयार करके देशभक्ति की भावना को जागृत करता है।

Seema
08/02/2021

एन.एस.एस. प्रभारी
यूनिट - I

Principal
RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE
FOR WOMEN, BHIWANI

Date :
Page no.

# रा.गां.रा.म. महाविद्यालय में एनएसएस शिविर के दौरान चलाया स्वच्छ भारत अभियान



**चेतना संवाददाता।**
**भिवानी।**

रविवार को राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय भिवानी मे प्राचार्य श्री सुधीर कुमार शर्मा के निर्देश पर एन एस एस यूनिट एक व दो के संयुक्त तत्वाधान में दूसरे एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी प्रो.अजीत कुमार ने बताया कि प्रो. सीमा बुमरा और प्रो. मीनू कुमारी के कुशल नेतृत्व में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी स्वयं सेविकाओं के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और भारत माता की जय के नारे लगाते हुए हाँसी रोड पर जागरूकता रैली निकाली गई। स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देते हुए स्वयं सेविकाओं ने पूरे महाविद्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्र की सफाई की। पर्यावरण के महत्व को समझते हुए यूनिट 1और यूनिट 2 की स्वयं सेविकाओं ने पेड़ पौधों की सिंचाई की। एनएसएस अधिकारी प्रो सीमा ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का छात्र के जीवन में अहम योगदान रहता है जो उन्हें शिक्षा के साथ साथ समाज की सेवा करने तथा समाज की उन्नति करने का मार्ग दिखाता है तथा एक अच्छा नागरिक तैयार करके देशभक्ति की भावना को जागृत करता है।

08/02/2021.

DAINIK CHETNA, BHIWANI

अभियान | राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में शुरू हुआ सात दिवसीय एनएसएस शिविर

# पर्यावरण के साथ-साथ हमें अपने शरीर और मन को भी साफ रखना चाहिए : प्रो. सीमा

स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय में चलाया सफाई और सजावट अभियान

■ [illegible]

[illegible]




भिवानी। सड़क जागरूकता अभियान के तहत रैली निकालती स्वयंसेविकाएं। फोटो: हरिभूमि

साफ रखना चाहिए। इसके बाद महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया गया और सजावट की गई।

[illegible]

15/02/2021 HARI BHOOMI, BHIWANI, 1st Day of 7 Day NSS CAMP

एन. एस. एस.
सात दिवसीय विशेष शिविर
पहला दिन
(14-02-2021 से 20-02-2021)
14-02-2021

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में प्राचार्य श्री सुधीर कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार सात दिवसीय विशेष एन. एस. एस. शिविर का आयोजन किया गया।

यूनिट I व यूनिट II के संयुक्त तत्वाधान में 14 फरवरी 2021 से सात दिवसीय विशेष शिविर का आरंभ किया गया। प्रो. सीमा बुमरा व प्रो. मीनू कुमारी के नेतृत्व में शिविर के पहले दिन की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई।

शिविर के पहले दिन सुबह के सत्र में एन. एस. एस. अधिकारियों ने सफाई का महत्व बताते हुए कहा कि पर्यावरण के साथ-2 हमें अपने शरीर और मन को भी साफ रखना चाहिए। इसके पश्चात महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया गया व

सजावट का कार्य किया गया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं को सड़क पर नियमों का पालन करने के लिए कहा गया व उन्हें सड़क नियमों की जानकारी दी। इसके साथ ही स्वयंसेविकाओं ने सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा नारा लगाते हुए जागरूकता रैली से राहगीरों को जागरूक किया। सायंकालीन सत्र में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई जिसमें स्वयंसेविकाओं ने एन.एस.एस. लोगो तैयार किए। तृतीय सत्र में राजकीय महाविद्यालय, बौंद कलां से प्रो. अनीता शर्मा वाणिज्य विभाग, ने डिजिटल अवेयरनेस पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान किया। इस व्याख्यान में कैशलेस ट्रांजेक्शन, डिजीलॉकर आदि के बारे में जानकारी दी गई।

एन.एस.एस. अधिकारी
यूनिट - I

Principal
RAJIV GANDHI GOVT COLLEGE
FOR WOMEN, BHIWANI

15/02/2021 DAINIK JAGRAN, BHIWANI

# राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**जागरण संवाददाता, भिवानी :** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य सुधीर कुमार के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का आरंभ किया गया। मीडिया प्रभारी प्रो. अजीत कुमार ने बताया कि एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी प्रो. सीमा बुमरा और प्रो. मीनू कुमारी के नेतृत्व में शिविर के पहले दिन सुबह के सत्र में प्रो. सीमा ने सफाई का महत्व बताते हुए कहा कि पर्यावरण के साथ साथ हमें अपने शरीर और मन को भी साफ रखना चाहिए। इसके बाद महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया गया और सजावट की गई। द्वितीय सत्र में प्रो. मीनू ने बताया कि छात्राओं को सड़क पर नियमों का पालन करना चाहिए। इसके साथ ही स्वयंसेविकाओं ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली हांसी



राजीव गांधी राजकीय महिला कालेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। • विज्ञप्ति।

रोड पर निकाली जिसमें सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा नारा लगाते हुए राहगीरों को जागरूक किया। सायंकालीन सत्र में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई जिसमें स्वयं सेविकाओं ने एनएसएस लोगो तैयार किए। अंतिम सत्र में राजकीय महाविद्यालय बौंद कलां से प्रो. अनीता ने डिजिटल अवेयरनेस पर व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में कैशलेस ट्रांजैक्शन, ऑनलाइन बैंकिंग, पेटीएम, ऑनलाइन पेमेंट, डिजी लॉकर इत्यादि के बारे में स्वयं सेविकाओं को जानकारी दी। डा. प्रेम प्रकाश ने शिविर में स्वयं सेविकाओं का मनोबल बढ़ाया और मार्गदर्शन किया।

15/02/2021, DAINIK CHETNA, BHIWANI

Date :
Page no.

# रा.गां.रा.म.महाविद्यालय के प्राचार्य ने सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का आरंभ किया

भिवानी। चेतना संवाददाता।

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य सुधीर कुमार जी के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष एन एस एस शिविर का आरंभ किया गया। मीडिया प्रभारी प्रो. अजीत कुमार ने बताया कि एनएसएस अधिकारी प्रो. सीमा बुमरा और प्रो. मीनू कुमारी



के नेतृत्व में शिविर के पहले दिन सुबह के सत्र में प्रो सीमा ने सफाई का महत्व बताते हुए कहा कि पर्यावरण के साथ साथ हमें अपने शरीर और मन को भी साफ रखना चाहिए। इसके बाद महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया गया और सजावट की गई। द्वितीय सत्र में प्रो मीनू ने बताया कि छात्राओं को सड़क पर नियमों का पालन करना चाहिए। इसके साथ ही स्वयंसेविकाओं ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली हांसी रोड़ पर निकाली जिसमें सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा नारा लगाते हुए राहगीरों को जागरूक किया। सांय कालीन सत्र में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई जिसमें स्वयं सेविकाओं ने एनएसएस लोगो तैयार किए। अंतिम सत्र में राजकीय महाविद्यालय बौंद कलां से प्रो. अनीता ने डिजिटल अवेयरनेस पर विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में कैशलैस ट्रांजेक्शन, ऑनलाइन बैंकिंग, फास्टैग, ऑनलाइन पेमेंट, डिजि लॉकर इत्यादि के बारे में स्वयं सेविकाओं को जानकारी दी। डॉ प्रेम प्रकाश ने शिविर में स्वयं सेविकाओं का मनोबल बढ़ाया और मार्गदर्शन किया।

15/02/2021 DAINIK BHASKAR, BHIWANI

# पर्यावरण के साथ हमें अपने शरीर व मन को भी साफ रखना चाहिए: बुमरा

## राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस शिविर का आरंभ

भास्कर न्यूज | भिवानी

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य सुधीर कुमार के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का रविवार को आरंभ किया गया। मीडिया प्रभारी प्रो. अजीत कुमार ने बताया कि एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी प्रो. सीमा बुमरा और प्रो. मीनू कुमारी के नेतृत्व में शिविर के पहले दिन रविवार को सुबह के सत्र में प्रो. सीमा बुमरा ने सफाई का महत्व बताते हुए कहा कि पर्यावरण के साथ-साथ हमें अपने शरीर और मन को भी साफ रखना चाहिए। इसके बाद महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया गया और सजावट की गई। द्वितीय सत्र में प्रो. मीनू ने बताया कि छात्राओं को सड़क पर नियमों का पालन करना चाहिए। इसके साथ ही स्वयंसेविकाओं ने हांसी रोड पर सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली जिसमें सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा नारा लगाते हुए राहगीरों को जागरूक किया। सांयकालीन सत्र में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई जिसमें स्वयं सेविकाओं ने एनएसएस लोगो तैयार किए।



भिवानी। राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर में उपस्थितों को संबोधित करते वक्ता।

Date :
Page no.

एन. एस. एस.
राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
दूसरा दिन
15-02-2021

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में प्राचार्य श्री सुधीर कुमार शर्मा जी के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष एन. एस. एस. शिविर के दूसरे दिन प्रातः कालीन सत्र की शुरुआत सरस्वती वंदना व गायत्री मंत्र से हुई। इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं ने "बेटी-बचाओ, बेटी-पढाओ" के नारे लगाते हुए महाविद्यालय से भगत सिंह चौक, सैक्टर-23 तक जागरूकता रैली निकाली। इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने सेक्टर 13 व 23 के समीप स्थित गरीब स्लम बस्ती विज़िट कर वहां के लोगों को साफ पानी पीने व इस्तेमाल करने की सलाह दी व समय-2 पर साबुन से हाथ धोते रहने को कहा। एन. एस. एस. स्कीम के तहत स्वयंसेविकाओं ने बाल सेवा आश्रम भिवानी में जाकर सेवादान किया।

सांय कालीन सत्र में कार्यकारी प्राचार्या डॉ. अनीता बिबयान ने साहित्य से समाज की सेवा किस प्रकार की जा सकती है इस पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान के बाद "रक्त दे वक्त दे" समाजसेवी संस्था से रक्तवीर मनीष वर्मा व राजेश डुडेजा ने स्वयंसेविकाओं को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया।

एन.एस.एस. अधिकारी
यूनिट-I

Principal
RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE
FOR WOMEN BHIWANI

15/02/2021
2nd Day of 7 Day NSS Camp




16/02/2021
DAINIK BHASKAR

## राजीव गांधी कॉलेज में एनएसएस शिविर के तहत हुए विभिन्न कार्यक्रम

**भिवानी|** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के दूसरे दिन सोमवार को एनएसएस अधिकारी प्रो. सीमा वुमरा और प्रो. मीनू कुमारी के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने सेक्टर-13 के समीप स्थित स्लम एरिया की विजिट की। स्वयंसेविकाओं ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारे लगाते हुए कॉलेज से भगत सिंह चौक तक जागरूकता रैली निकाली और फिर बाल सेवा आश्रम में सेवा की।

सायंकालीन सत्र में कार्यकारी प्राचार्या डॉ. अनीता विवियान ने साहित्य से समाज की सेवा कैसे की जा सकती है, पर विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया। इसके बाद रक्तवीर राजेश डुडेजा व रक्तवीर मनीष वर्मा ने रक्तदान का महत्व इस अवसर पर प्रो. परमानंद, डा. सुषमा यादव, प्रो. पुलकित आर्य, प्रो. भामा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

16/02/2021
PUNJAB KESARI, BHIWANI

## 'छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली और बाल सेवा आश्रम में की सेवा'

भिवानी, 15 फरवरी (पंजीर): राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर के दूसरे दिन एन.एस.एस. अधिकारी प्रो. सीमा बुमरा और प्रो. मीनू कुमारी के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं ने सेक्टर 13 के समीप स्थित स्लम एरिया की विजिट की। बाद में स्वयं सेविकाओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे लगाते हुए महाविद्यालय से भगत सिंह चौक तक जागरूकता रैली निकाली और बाल सेवा आश्रम में जाकर सेवा की।

सायं कालीन सत्र की कार्यकारी प्राचार्या डा. अनीता वियवान ने साहित्य से समाज की सेवा किस प्रकार की जा सकती है विषय पर विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान के बाद के बाद रक्त वीर राजेश डुडेजा ने बताया कि रक्तदान महादान है हर आदमी को इसमें अपनी आहुति डालनी चाहिए ताकि हर किसी अन्य आदमी के काम आ सके। 'रक्त दे वक्त दे' समाज सेवी संस्था के रक्त वीर मनीष वर्मा ने रक्तदान से होने वाले फायदे और रक्तदान कौन कौन कर सकता है, रक्तदान क्यों करना चाहिए, इसमें कितना समय लगता है और रक्तदान कितने समय बाद कर सकते हैं आदि के साथ साथ यह बताया कि रक्त किसी फैक्टरी में नहीं बनता। इसके लिए मानव का रक्त ही एकमात्र विकल्प है।



राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस स्वयं सेविकाएं स्लम एरिया में ... को जागरूक करते हुए। ● जागरण

16/02/2021
DAINK
JAGRAN,
BHIWANI

भिवानी : राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के दूसरे दिन एनएसएस अधिकारी प्रो. सीमा कुमरा और प्रो. मीनू कुमारी के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं ने सेक्टर 13 के समीप स्थित स्लम एरिया का दौरा किया। इसके बाद स्वयं सेविकाओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे लगाते हुए महाविद्यालय से भगत सिंह चौक तक जागरूकता रैली निकाली। कार्यकारी प्राचार्या डा. अनीता विकियान ने साहित्य से समाज की सेवा किस प्रकार की जा सकती है इस पर विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया। सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा'' थीम कार्यक्रम में कार्यकारी प्राचार्या डा. अनीता विकियान की अध्यक्षता में व प्रो. सतविंदर चौहान के निर्देशन में जानकारियां दी गईं। इस अवसर पर डीएसपी वीरेंद्र सिंह, एसएचओ कृष्णा देवी व एसआइ श्रीनिवास, प्रो परमानंद, डा. सुषमा यादव, प्रो. पुलकित आर्य व प्रो. भावना अग्रवाल, प्रो. प्रेम प्रकाश आदि थे।



15/02/2021 Slum Visit




15/02/2021 Rally on Beti-Bachao Beti Padhao

Date :
Page no.

राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
पांचवा दिन
18-02-2021

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय भिवानी में प्राचार्य श्री सुधीर कुमार शर्मा जी के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष एन. एस. एस. शिविर के पांचवे दिन की शुरूआत सरस्वती वन्दना एवं गायत्री मंत्र के साथ हुई। एन. एस. एस. अधिकारी प्रो. सीमा कुमरा व प्रो. मीनू कुमारी के कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वच्छता अभियान को बढावा देते हुए सफाई अभियान चलाया गया। समाज सेवा का उदाहरण देते हुए सभी स्वयंसेविकाओं ने पूर्ण श्रद्धा व श्रम के साथ सफाई का दान दिया।

इसी के साथ स्वयंसेविकाओं ने बाल सेवा आश्रम भिवानी में जाकर वहां भी सफाई का दान दिया। सांयकालीन सत्र में सभी के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए विभिन्न गतिविधियाँ करवाई गई जैसे कि कविता, गायन, भजन, नृत्य आदि। इसी के साथ एन. एस. एस. रिपोर्ट पढ कर सुनाई गई।

एन. एस. एस. अधिकारी
यूनिट-I

Principal
RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE
FOR WOMEN, BHIWANI

Date :

# एनएसएस शिविर में चलाया स्वच्छता अभियान

**भिवानी :** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य सुधीर कुमार के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के पांचवें दिन प्रात: कालीन सत्र में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देते हुए सफाई अभियान चलाया गया। समाजसेवा का उदाहरण देते हुए सभी स्वयं सेविकाओं ने पूर्ण श्रद्धा व श्रम के साथ सफाई का दान दिया। इसी के साथ स्वयं सेविकाओं ने बाल सेवा आश्रम में जाकर वहां भी सफाई अभियान चलाया। एनएसएस स्वयं सेविका रेणु ने समाजसेवा पर बोलते हुए कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह समाज में रहता है। वह समाज से अलग नहीं रहना चाहता है। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सीमा कुमरा और प्रो. मीनू ने सभी स्वयं सेविकाओं का उत्साह वर्धन किया। स्वयंसेविका सीमा, प्रियंका, आंची, चांदनी, आस्था, सरिता, इंदू, तनीषा, दिव्या ने गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लिया। (जासं)

↓

19/02/2021

DAINIK JAGRAN, BHIWANI

# रा.गां.रा.म. महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने पूर्ण श्रद्धा व श्रम के साथ सफ़ाई का दान दिया

**भिवानी। चेतना संवाददाता।**

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य सुधीर कुमार जी के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष एन एस एस शिविर के पाँचवे दिन प्रात: कालीन. सत्र में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देते हुए सफ़ाई अभियान चलाया गया। समाज सेवा का उदाहरण देते हुए सभी स्वयमसेविकाओ ने पूर्ण श्रद्धा व श्रम के साथ सफ़ाई का दान दिया। इसी के साथ स्वयं सेविकाओं ने बाल सेवा आश्रम भिवानी में जाकर वहाँ भी सफ़ाई अभियान चलाकर सेवा की। सांयकालीन सत्र में सभी स्वयमसेविकाओ के सम्पूर्ण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियाँ करवाई गयी जैसे की कविता, गायन, भजन आदि। मिडिया प्रभारी प्रो



अजीत कुमार ने बताया कि एन एस एस स्वयंसेविका

रेणु ने समाज सेवा

पर बोलते हुए कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है।वह समाज मे रहता है।वह समाज से अलग नहीं रहना चाहता है। मनुष्य की प्रत्येक इकाइयाँ मिलकर ही समाज का निर्माण करती हैं।जिस समाज ने हमे मानव कहलाने का अधिकार ही नहीं दिया वरन सृष्टि का सर्वोत्तम वरदान बनने के अनुकूल बनाया उसके प्रति हमारा कितना उत्तरदाइत्व है। इन को निभाना ही समाज सेवा है। समाज सेवा पर कहा गया है कि

**चलो ऐसा कर ले मिलकर**
**कोई नया काम शुरू कर लें,**
**हो भला जिसमे सबका ऐसी**
**हम समाज सेवा शुरू कर दें।**

हमारे समाज में कुछ आदमी ऐसे हैं जो सच्चे सामाजिक कार्यकर्ता हैं। एक सच्चा सामाजिक कार्यकर्ता सभी लोगों के साथ एक समान भलाई का कार्य करता है। वह स्वार्थ रहित होता है।

↓

19/02/2021

DAINIK CHETNA, BHIWANI

Date :
Page no.

# राष्ट्रीय सेवा योजना
## सात दिवसीय विशेष शिविर
## छठा दिन
## 19-02-2021

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में प्राचार्य श्री सुधीर कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन का आयोजन किया गया। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सीमा कुमारी व प्रो. मीनू कुमारी के नेतृत्व में शिविर के छठे दिन शुक्रवार को प्रातःकालीन सत्र में श्रीमती शिखा, चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट, भिवानी ने शिरकत की। उन्होंने छात्राओं को कानून संबंधी नियमों के बारे में बताया जैसे पोक्सो एक्ट, वन स्टोप सेंटर, घरेलु हिंसा, 354 एक्ट, इंटरनल एक्ट कमिटी, तथा लोकल एक्ट कमिटी के बारे में छात्राओं को जागरूक किया।

दोपहर के बाद के सत्र में प्रो. अजीत कुमार ने एन.एस.एस. के प्रतीक चिन्ह कोणार्क के सूर्य मंदिर की जानकारी दी जिसमें 8 तिल्लियां 8 प्रहर को दर्शाती हैं।

तृतीय सत्र में प्राचार्य सुधीर कुमार शर्मा द्वारा अपनी कविता के भावों को व्यक्त किया गया जिसने सभी को विभोर कर दिया।

एन. एस. एस. अधिकारी
यूनिट – I

Principal
RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE
FOR WOMEN, BHIWANI

PAPERWELL

# रा.गां.रा.म. महाविद्यालय में छात्राओं को कानून संबंधी नियमों के बारे में अवगत कराया

**भिवानी। चेतना संवाददाता।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य सुधीर कुमार के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के छठे दिन एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी प्रो. सीमा कुमरा और प्रो. मीनू कुमारी के नेतृत्व में प्रातः कालीन सत्र में शिखा चीफ जूडिशल मजिस्ट्रेट भिवानी ने शिरकत की। उन्होंने छात्राओं को कानून संबंधी नियमों के बारे में अवगत कराया जैसे पोक्सो एक्ट, वन स्टॉप सेंटर, घरेलू हिंसा ,364 एक्ट, इंटरनल एक्ट कमेटी ,तथा लोकल एक्ट कमेटी ,के बारे में छात्राओं को जागरूक किया तथा बताया कि लड़कियों के लिए क्या क्या कानून है उसके संबंध में अपने विचार प्रकट किए ।



दोपहर बाद के सत्र में प्रो अजीत कुमार ने एन एस एस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) को 1969 में शुरू किया गया था। प्रतीक चिन्ह कोणार्क के सूर्य मंदिर से लिया गया है जिसमें 8 तिल्लियां 8 प्रहर को दर्शाती हैं। प्रतीक चिन्ह के बीच लाल रंग हमारे उत्साह और कार्य करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है और रक्त दान की प्रेरणा देता है। उन्होंनें कहा कि सेवा योजना इकाई के युवा देश की अखंडता एवं एकता के लिए किसी भी तरह की कुर्बानी देने को तैयार रहते हैं।

स्वैच्छिक समुदाय सेवा के माध्यम से युवा छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र के विकास के प्राथमिक उद्देश्य के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय वाक्य है, मैं नहीं आप, जिसके माध्यम से स्वयं सेवक प्रजातान्त्रिक ढंग से निःस्वार्थ सेवा की आवश्यकता का समर्थन करता है। हमें सभी मनुष्यों के कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए, ताकि मानवता की सेवा की जा सके।'

तृतीय सायंकालीन सत्र में प्राचार्य सुधीर कुमार ने अपनी कविता के द्वारा भावों को व्यक्त करते हुए गीत गाया %तेरी यादों को हमने करीने से सजाया है। जब भी मैं देखूं दर्पण में तेरा ही रूप दिखता है हकीकत में ऐसा है या आंखों में समाया है।

20/02/2021

DAINIK CHETNA, BHIWANI

20/02/2021

HARI BHOOMI, BHIWANI

कार्यशाला

राजीव गांधी महाविद्यालय में महिलाओं को मिले अधिकारों के बारे में कार्यशाला

# महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से उपलब्ध करवाई जा रही निःशुल्क सहायता

सीजेएम शिखा ने किया छात्राओं को कानूनी रूप से जागरूक

हरिभूमि न्यूज ›› भिवानी

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश चंद्र डिमरी के दिशानिर्देशानुसार जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शिखा ने राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में महिलाओं के अधिकारों के बारे जानकारी को जागरूक किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डा. सुधीर कुमार ने सीजेएम का स्वागत किया। प्राधिकरण की सचिव शिखा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राधिकरण द्वारा किसी भी प्रकार से शोषण से बचाव के लिए कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से निःशुल्क सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने पीड़ितों को मुआवजे के बारे में, रेप पीड़िता, एसिड अटैक, पेंशन संबंधित, आपदा पीड़ित के बारे में, सड़क दुर्घटना, बाल श्रम, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, ठेका मजदूरी, कानूनी सहायता राशि, आश्रय सुविधा, आपातकालीन सहायता राशि, स्वास्थ्य सेवाएं, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, राष्ट्रीय ध्वज एवं राष्ट्रीय गान का सम्मान करना, भारत स्वाधीनता संग्राम के प्रेरक, महान आदर्शों को निरन्तर स्मरण रखना और उनका अनुगमन करना, भारत देश की सम्प्रभुता, एकता एवं अखंडता को बनाए रखना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



भिवानी। एकत्रित छात्राओं को संबोधित सीजेएम। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद :** प्राचार्य डा. सुधीर ने कहा कि कानूनी जानकारी से छात्राओं को बहुत लाभ मिलेगा और वह अपने आप की सुरक्षा करने में सफल होंगी। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी डा. सीमा व मीनू डा. अजीत सिंहवाल डा. सुनीता मेहता डा. राजेश लाम्बा, डा. गौतम, रोहिताश, रेनू, ललिता, कृष्णा, सहायक हरजीत सिंह, धर्मवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, रमेश शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

Date :
Page no.

राष्ट्रीय सेवा योजना
सात दिवसीय विशेष शिविर
सातवां दिन
20-02-2021

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में सात दिवसीय विशेष एन० एस० एस शिविर का समापन किया गया।

शिविर का समापन मुख्यअतिथि डॉ. सुरेश मलिक की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने मोबाइल के दुरूपयोग और फिजिकल फिटनेस के बारे में जागरूक किया। एन.एस.एस. प्रोग्राम अधिकारी प्रो. सीमा बुमरा व प्रो. मीनू कुमारी के कुशल नेतृत्व में दोनों यूनिट से कुल 100 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। यूनिट-I से कु. सीमा राघव तथा दो से प्रवेश देवी को बेस्ट स्वयं सेविका का खिताब दिया गया। वहीं कु. चांदनी व कु. पूजा को सांस्कृतिक व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्या प्रो. सुनीता मेहता, प्रो. अनीता बिबयान, प्रो. स्वर्णचंद, प्रो. नीलम रोहिल्ला, प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. राजेश लांग्यान, प्रो. अजीत कुमार, प्रो. परमानंद, प्रो. प्रेम प्रकाश, प्रो. दीपक सोनी, प्रो. नविता, प्रो. मीनू, सहित स्टाफ सदस्य व छात्राएँ उपस्थित रही।

Principal
RAJIV GANDHI GOVT. COLLEGE
FOR WOMEN, BHIWANI

PAPERWELL

Date :

Page no.

20/02/2021
Closing of 7-Day NSS Camp.



Chief Guest : Dr. Suresh Malik
NSS Coordinator
CBLU, Bhiwani

# एनएसएस शिविर में कुमारी सीमा राघव और प्रवेश देवी ने हासिल किया बेस्ट स्वयंसेविका का खिताब

## फिजिकल फिटनेस के बारे में भी बताया

भास्कर न्यूज | भिवानी

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का समापन किया गया।

एनएसएस विशेष शिविर का समापन मुख्यअतिथि डॉ. सुरेश मलिक की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने मोबाइल के दुरुपयोग और फिजिकल फिटनेस के बारे में भी बताया।

मीडिया प्रभारी प्रो. अजीत कुमार ने बताया कि एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी प्रो. सीमा बुमरा और प्रो. मीनू कुमारी के नेतृत्व में महाविद्यालय की दोनों यूनिट से 100 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। यूनिट एक से कुमारी सीमा राघव तथा यूनिट दो से प्रवेश देवी को बेस्ट स्वयं सेविका का खिताब दिया गया।

वहीं चांदनी को सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए कुमारी पूजा को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्या प्रो. सुनीता महता, प्रो. अनिता बिबयान, प्रो. स्वर्णचंद, प्रो. नीलम रोहिल्ला, प्रो. रेखा शर्मा, प्रो. राजेश लांग्यान, प्रो. अजीत कुमार, प्रो. प्रेम प्रकाश, प्रो. दीपक, प्रो. नविता, प्रो.मीनू सहित स्टाफ सदस्य व छात्राएं उपस्थिति रही।



राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस विशेष शिविर के समापन पर सम्मानित करते मुख्यातिथि डॉ. सुरेश व मौजूद शिक्षकगण।

22/02/2021
DAINIK BHASKAR, BHIWANI